वर्ष- 3 , अंक- 82

छपरा

14 फरवरी शनिवार 2026

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

# मोदी ने नए प्रधानमंत्री ऑफिस सेवा तीर्थ का उद्घाटन किया

## बिल्डिंग पर लिखा है- नागरिक देवो भव; पुराने ऑफिस में आखिरी कैबिनेट मीटिंग हुई।

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'सेवा तीर्थ' कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इसमें अब प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO), नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल सचिवालय (NSCS) और कैबिनेट सचिवालय काम करेंगे। PMO आज से रायसीना हिल स्थित साउथ ब्लॉक से सेवा तीर्थ में शिफ्ट हो गया है।

उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री ने नए कॉम्प्लेक्स में लगी 'सेवा तीर्थ' की पट्टिका का अनावरण किया। परिसर की दीवार पर देवनागरी लिपि में 'सेवा तीर्थ' लिखा है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' (नागरिक भगवान के समान हैं) का मंत्र भी लिखा गया है। न्यूज एजेंसी PTI के अनुसार, पीएम सेवा तीर्थ से एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, वे पुराने पीएम ऑफिस में केंद्रीय कैबिनेट की विशेष बैठक भी करेंगे। यह बैठक शुक्रवार शाम 4 बजे तय है।

यह ब्रिटिश काल की सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग में आखिरी कैबिनेट बैठक होगी। प्रधानमंत्री का ऑफिस 1947 से साउथ ब्लॉक में रहा है। ये इमारत करीब 78 सालों से देश की सत्ता का केंद्र रही है। 2014 से, मोदी सरकार ने ब्रिटिश शासकों के प्रतीकों से दूर जाने के लिए लगातार कदम उठाए हैं।



**पीएम ने नए ऑफिस में कई फाइलों पर साइन किए** :प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए PMO कॉम्प्लेक्स 'सेवा तीर्थ' में महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्गों से जुड़े अहम फैसलों की फाइलों पर साइन किए। सरकार के अनुसार, इन फैसलों का उद्देश्य इन वर्गों को सीधा लाभ पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने पीएम राहत योजना से जुड़ी फाइलों पर भी साइन किए। इस पहल के तहत, एक्सीडेंड पीड़ितों को 1.5 लाख तक का कैशलेस ट्रीटमेंट मिलेगा, जिससे उनके इलाज में देरी न हो। साथ ही लखपति दीदी योजना का लक्ष्य दोगुना कर 3 करोड़ से छह करोड़ करने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री ने कृषि अवसंरचना कोष के आवंटन को 1 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपये करने की मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 को मंजूरी दी है।

### सेवा तीर्थ कॉम्प्लेक्स में कुल 3 इमारतें

सेवा तीर्थ कॉम्प्लेक्स में कुल 3 इमारतें हैं- सेवा तीर्थ-1, सेवा तीर्थ-2 और सेवा तीर्थ-3। सेवा तीर्थ-1 में PMO है। सेवा तीर्थ-2 में कैबिनेट सचिवालय और सेवा तीर्थ-3 में NSCS और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का ऑफिस है। ये सभी ऑफिस पहले अलग-अलग जगहों पर थे। कैबिनेट सचिवालय सितंबर 2025 में ही सेवा तीर्थ-2 में शिफ्ट हो चुका है। आज पीएम के साथ NSCS और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का ऑफिस भी यहां शिफ्ट हो गया है। पीएम आज कर्तव्य भवन-1 और 2 का उद्घाटन भी करने वाले हैं। यहां मंत्रालयों के नए ऑफिस होंगे। पहले नॉर्थ ब्लॉक मंत्रालयों का ठिकाना था।

### 1189 करोड़ की लागत से बना सेवा तीर्थ

सेवा तीर्थ का मतलब है 'सेवा का स्थान'। पहले इसका नाम 'एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव' रखा गया था, लेकिन 2 दिसंबर 2025 में इसका नाम बदलकर सेवा तीर्थ रखा गया। यह नई दिल्ली में दारा शिकोह रोड पर एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव में स्थित है। यह करीब 2.26 लाख वर्ग फीट (करीब 5 एकड़) में बना है। इसे एल एंड टी कंपनी ने 1189 करोड़ में बनाया है। नए PMO के पास ही प्रधानमंत्री का नया आवास भी बन रहा है। इसके तैयार होने के बाद प्रधानमंत्री 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित मौजूदा आवास से नए आवास में शिफ्ट हो जाएंगे। हालांकि, अभी इसकी तारीख सामने नहीं आई है।

## महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी पर रेप के आरोप

### राजस्थान की युवती ने दिल्ली पुलिस को किया ई-मेल



**दिल्ली/जयपुर,एजेंसी।** श्री पंच अग्नि अखाड़े के महामंडलेश्वर और कथावाचक उत्तम स्वामी पर राजस्थान निवासी एक युवती ने दुष्कर्म करने के आरोप लगाए हैं। युवती ने 12 फरवरी को दिल्ली पुलिस कमिश्नर को ई-मेल भेजकर सुरक्षा की मांग भी की है। पीड़िता का कहना है कि एफआईआर दर्ज करवाने की भनक लगते ही उसे धमकियां मिलने लगी हैं। उत्तम स्वामी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क साधने की कोशिश कर रहे हैं। उनके करीबी लोग समझौते का दबाव बना रहे हैं। युवती ने ई-मेल में लिखा है कि उसके और उसके परिवार के बारे में बेहद निजी जानकारी रखी जा रही है। उसे नुकसान पहुंचाए जाने की आशंका है।

**पीड़िता ने कहा- धर्म की आड़ में कई साल किया यौन शोषण-** युवती ने आरोप लगाया है कि उत्तम स्वामी कई साल से उसका यौन शोषण कर रहा था। जब वह नाबालिग थी, तभी से धर्म की आड़ में उसके साथ गलत काम किए गए। उसने विरोध किया तो उसे डराया-धमकाया गया। उत्तम स्वामी के प्रभाव के कारण लंबे समय तक वह शिकायत नहीं कर सकी।

## 'पूर्व पीएम नेहरू ने सुप्रीम कोर्ट जज से मांगी थी माफी'

### , जयराम रमेश बोले- ऐसे थे असाधारण संस्थान निर्माता



**कोलकाता,एजेंसी।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जमकर तारीफ की। उन्होंने नेहरू को असाधारण संस्था निर्माता बताया। रमेश ने याद दिलाया कि कैसे साल 1959 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने सुप्रीम कोर्ट के जज विवियन बोस को एक माफीनामा लिखा था।

**जयराम रमेश ने साझा किया पत्र-** जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस पत्र को साझा किया। उन्होंने लिखा कि आजकल सरकार और न्यायपालिका के बीच के रिश्तों पर बहुत बातें होती हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नेहरू का 26 जून 1959 को जस्टिस विवियन बोस को लिखा गया यह पत्र बहुत महत्वपूर्ण है। रमेश के अनुसार, यह पत्र दिखाता है कि नेहरू संस्थाओं का कितना सम्मान करते थे।

## राजस्थान: शराब समझकर जहरीला केमिकल पीया, 4 की मौत

### मृतकों में तीन महिलाएं भी ; दावा- शादी वाले घर से छुपाकर लाए थे बोतलें

**भीलवाड़ा,एजेंसी।** राजस्थान के भीलवाड़ा में 5 लोगों ने शराब समझकर जहरीला केमिकल पी लिया। इनमें तीन महिलाओं सहित 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार सभी मजदूर हैं और शादी वाले घर से शराब की बोतलें समझकर ये केमिकल ले आए थे। हादसा जिले के अलोली गांव में गुरुवार देर रात को हुआ।

**अपने घर पर पीया केमिकल-** आलोली निवासी हरदयाल सिंह ने बताया - 10 फरवरी को परिवार में शादी थी। घर के बाहर खेत में पांडाल लगाया गया था। अगले दिन कुछ लोग खाने लेने घर आए और यहां साफ-सफाई की।

बर्तन साफ करने के लिए केमिकल मंगवाया गया था। घर लौटते समय वे कई बोतलें अपने साथ ले गए। आशंका है कि 12 फरवरी की शाम को घर




पर इनमें से कुछ लोगों ने ये केमिकल पी लिया था।

**सभी की हॉस्पिटल में मौत-** कुछ मिनटों बाद ही इनकी हालत बिगड़ने लगी। पड़ोसियों ने उन्हें गंगापुर हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जहां गुरुवार रात को जमनी (60) शंकर कंजर, रतन (42) पुत्र मिश्री लाल कंजर और उसकी पत्नी सुशीला (40) की मौत हो गई।

वहीं, दो महिलाओं को भीलवाड़ा के हॉस्पिटल रेफर किया था। इनमें बादामी (60) पत्नी जानकी लाल ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

## लोकसभा में 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगे:संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित

### भाजपा बोली- राहुल सत्ता पाने को देश का बंटवारा चाहते थे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बजट सत्र के 13वें दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्यवाही करीब 10 मिनट ही चल पाई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दो घंटे तक चल पाई। अब दोनों सदनों की कार्यवाही 9 मार्च से शुरू होगी।

शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके 5 मिनट बाद ही सदन स्थगित कर दी गई। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस बार हंगामे के बीच एजुकेशन और



कानून मंत्रालय से जुड़े कुछ बिल पेश किए। इसके बाद चेयर पर मौजूद संध्या राय ने लोकसभा 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

संसद का बजट सत्र दो चरण में हो रहा है। पहला- 28 जनवरी से 13 फरवरी तक है। दूसरा चरण 23 दिन के ब्रेक के बाद 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा। इधर BJP सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को राहुल गांधी पर आरोप लगाए कि वे सत्ता पाने के लिए देश के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे थे।

### दुबे ने X पर एक पोस्ट में लिखा-

सोरोस, फोर्ड फाउंडेशन और टुकड़े-टुकड़े गैंग के सरगना राहुल गांधी जी के खिलाफ मेरे आरोप ये हैं, जिनके लिए मैंने लोकसभा स्पीकर से बहस करने की इजाज़त मांगी है। क्या लोकसभा में विपक्ष के नेता सत्ता पाने के लिए भारत के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे हैं? इससे पहले निशिकांत ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। राहुल पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है।

## लखनऊ में 6 लोगों को रौंदने वाला छात्र गिरफ्तार

- गर्लफ्रेंड के साथ पार्टी से लौट रहा था ; 6 साल के बच्चे की मौत, 5 की हालत नाजुक

**लखनऊ,एजेंसी।** लखनऊ में कार से 6 लोगों को रौंदने वाला 12वीं का स्टूडेंट गौरव सिंह गिरफ्तार हो गया है। इस हिट एंड रन का CCTV फुटेज भी सामने आया है। इसमें आरोपी गौरव बहुत तेज रफ्तार में कार चलाता हुआ नजर आ रहा है। बताया जाता है कि कार में उसकी गर्लफ्रेंड भी थी। दोनों किसी फेयरवेल पार्टी में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसे में नानी के साथ मार्केट गए 6 साल के बच्चे की मौके पर ही




मौत हो गई। जबकि 5 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। जान गंवाने वाला बच्चा दीक्षांत उन्नाव का रहने वाला है। वह यहां ननिहाल में मां साधना के साथ रहता था। केंद्रीय विद्यालय में पढ़ता था।

हादसा गुरुवार शाम करीब 7 बजे बंथरा थाना क्षेत्र में कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास हुआ। इसका ष्ष्ट्टञ्जङ्क शुक्रवार को सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार रुकते ही लड़की उतर गई, जबकि छात्र कार लेकर भाग निकला। वहीं, सूचना पर अस्पताल पहुंची मां अपने बेटे के शव से कफन हटाते ही चीख पड़ी।

**फेयरवेल पार्टी से गर्लफ्रेंड के साथ लौट रहा था :** एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा के अनुसार, पुलिस ने कार को ट्रेस कर आरोपी छात्र गौरव सिंह को गिरफ्तार कर लिया और कार भी जब्त कर ली है। गौरव की कार बेकाबू थी। वह अवध कॉलेजिएट में 12वीं में पढ़ता है। उसकी उम्र 21 साल है।

कार में उसकी क्लासमेट मौजूद थी, जो दुर्घटना के बाद वहीं उतर गई। स्थानीय लोगों ने लड़की को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बताया, कार ड्राइवर गौरव सिंह को हिरासत में ले लिया गया है।

## दोहरा झटका : अमेरिका में जान गंवाने वाली भारतीय छात्रा के पिता की मौत, मुआवजे में मिलने हैं 262 करोड़ रुपये

**कुरनूल,एजेंसी।** कुछ साल पहले अमेरिका में पुलिस की एक दुर्घटना में 23 वर्षीय भारतीय छात्रा जाह्नवी कंदुला का निधन हो गया था। अब उसके परिवार को उस समय दूसरा बड़ा झटका लगा जब 29 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मुआवजे के समझौते की घोषणा से ठीक दो दिन पहले उनके पिता का निधन हो गया। 23 जनवरी, 2023 को जाह्नवी सड़क पार कर रही थी, उस समय एक तेज रफ्तार सिएटल पुलिस वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उस समय संबंधित अधिकारी एक आपातकालीन कॉल का जवाब दे रहा था।

**शोक समय में मुआवजे की बात करने उचित नहीं-** जाह्नवी के एक रिश्तेदार ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि सेवानिवृत्त पुलिस कांस्टेबल कंदुला श्रीकांत का 10 फरवरी को कुरनूल जिले में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उन्होंने आगे कहा कि 'श्रीकांत का अंतिम संस्कार बुधवार को अडोनी में किया गया, जबकि परिवार एक और विनाशकारी क्षति से जूझ रहा था।' परिवार इस समय शोक में है और मुआवजे की राशि के बारे में बात करना उचित नहीं है। वहीं, जाह्नवी नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के सिएटल कैंपस में सूचना प्रणाली में मास्टर की छात्रा थीं।

## बांग्लादेश में बीएनपी की शानदार जीत

### पीएम मोदी ने तारिक रहमान को दी बधाई, भारत के साथ संबंधों पर दिया बड़ा संकेत



**नई दिल्ली,एजेंसी।** बांग्लादेश आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने शानदार बहुमत हासिल किया है। ऐसे में अब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी के प्रमुख तारिक रहमान को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि यह जीत बांग्लादेश के लोगों के उनके नेतृत्व में भरोसे को दिखाती है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के समर्थन में हमेशा खड़ा रहेगा। इसके साथ पीएम मोदी ने भारत और बांग्लादेश के रिश्ते को लेकर भी अपनी बड़ा संकेत दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह तारिक रहमान के साथ मिलकर भारत-बांग्लादेश के बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने और दोनों देशों के साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए काम करने के लिए उत्सुक हैं।

## राहुल गांधी किसान संगठनों के नेताओं से मिले

- बोले- किसान हितों से समझौता नहीं, भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ आंदोलन पर बातचीत हुई



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से मुलाकात की। इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और किसानों व खेत मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने की जरूरत पर बात हुई।

किसान नेताओं ने इस व्यापार समझौते का विरोध किया। उनका कहना था कि समझौते से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। कांग्रेस के अनुसार, राहुल गांधी ने कहा कि इस समझौते से कृषि उत्पादों के आयात का रास्ता खुल गया है। आगे अन्य फसलें भी इससे प्रभावित हो सकती हैं। बैठक में इस समझौते के विरोध में बड़े स्तर पर राष्ट्रीय आंदोलन करने पर बात हुई।

# मुस्लिम परिवार ने 80 लाख की जमीन मंदिर को दी:निर्माण का खर्च भी उठाएंगे

## मोहाली में रजिस्ट्री करवाने शाही इमाम को बुलाया

**मोहाली,एजेंसी।** पंजाब के संगरूर में हिंदू परिवार के मस्जिद के लिए जमीन दान करने के बाद अब मोहाली के झामपुर में एक मुस्लिम परिवार ने 80 लाख रुपए की 325 गज जमीन मंदिर निर्माण के लिए दान दी है।

खास बात यह है कि मंदिर निर्माण का खर्च भी वही परिवार उठाएगा। गुरुवार (12 फरवरी) को शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमान लुधियानवी ने रजिस्ट्री के पेपर मंदिर कमेटी को सौंपे। वहीं हवन यज्ञ के बाद मंदिर के निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया गया। यहां पर हनुमान जी और सनातन मंदिर बनाया जा रहा है।शाही इमाम ने कहा कि पंजाब की धरती से मिठास का संदेश पूरे भारत के लिए अमृत है। यह एकता की मिसाल है। वहीं जमीन दान देने वाले मोहम्मद इमरान ने कहा कि मेरा सपना अस्पताल खोलने का है, ताकि गरीब लोगों को इलाज मिल सके।

**मंदिर के लिए कोई जगह नहीं थी:** शाही इमाम ने बताया कि मोहाली से सटे झामपुर इलाके में मंदिर के लिए जगह नहीं थी, क्योंकि नई आबादी बस रही थी। ऐसे में धार्मिक स्थानों के लिए जगह जरूरी है, सनातन धर्म के लिए कोई स्थान नहीं था। पंडित राजाराम ने मोहम्मद इमरान हैप्पी से संपर्क किया और मंदिर कमेटी के लिए जगह मांगी।

उन्होंने (हैप्पी ने) मुझसे पूछा तो मैंने कहा कि इस्लामी देशों में भी हिंदू-सिख भाईचारे के लोग जाकर बसते हैं, तो उनकी धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए वहां धार्मिक स्थान बनाए जाते हैं। दुबई में गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब है, इसी तरह मंदिर भी हैं। कतर, यमन और बगदाद में भी मंदिर हैं। ऐसे में मैंने इन्हें आगे आने को कहा।



**मोहब्बत के तोहफे के रूप में जमीन दी:** शाही इमाम ने कहा कि मोहम्मद इमरान हैप्पी ने 325 गज जगह, जिसकी कीमत 80 लाख बताई जा रही है, मंदिर कमेटी को तुरंत सौंप दी। हैप्पी ने इसे मोहब्बत के तोहफे के रूप में दिया है। हम उम्मीद करते हैं कि जो मोहब्बत सदियों से चली आ रही है, वह आगे भी ऐसे ही चलती रहेगी। पंजाब की धरती पहली पातशाही गुरु नानक देव जी के नाम से जानी जाती है। श्री गुरु नानक साहिब, जिन्हें हम अपना पीर मानते हैं और जिन्हें आप (सिख) अपना गुरु कहते हैं, उनके दाईं और बाईं ओर एक हिंदू मरदाना और एक बाला जी चलते थे। मुसलमान पहले दिन से सिखों की दाईं-बाईं बाजू की तरह रहे हैं। मैं समझता हूं कि ऐसा कर इन्होंने पंजाब को और ताकत दी है और पूरे भारत को नया संदेश दिया है।

**पंजाब की धरती से मिठास का संदेश:** शाही इमाम ने कहा कि कल भी धूरी में एक पंडित ने मस्जिद के लिए जगह दी। पिछले हफ्ते फतेहगढ़ साहिब के जखवाली में एक सरदार माता ने मस्जिद बनाने के लिए जगह दी है। पंजाब की धरती से मिठास का संदेश पूरे भारत के लिए अमृत है। यह एकता की मिसाल है।

हमारे संविधान में पहला नारा दिया गया है अनेकता में एकता। यानी हम अलग-अलग रंग, जाति और बिरादरी के होने के बावजूद कभी भी आपस में नहीं लड़ते। जो लड़ना चाहते हैं, उन्हें भी रोककर मोहब्बत का पाठ पढ़ाते हैं। मैं इन दोनों को बधाई देता हूं।

# भेल्दी में खाना बनाते समय ट्रक में लगी भीषण, चालक समेत दो झुलसे



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर सोनहो टोल टैक्स के समीप शुक्रवार की दोपहर ट्रक के अंदर खाना बनाते समय भीषण आग लगने से ट्रक जहां धू-धूकर कर जल गई वहीं इस घटना में चालक समेत दो लोग बुरी तरह झुलस गए।घायलों में यूपी के सुकृत सोनभद्र के देवमूरत के पुत्र अशोक कुमार (40) व रामजी के पुत्र गोविंद कुमार (30) शामिल है।दोनो घायलो का प्राथमिक उपचार परसा सीएचसी में करने के बाद चिंताजनक स्थिति में छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर सोनहो टोल टैक्स के समीप शुक्रवार की दोपहर ट्रक चालक अपनी ट्रक को एनएच के किनारे खड़ा कर ट्रक के अंदर गैस पर खाना बना रहे थे तभी अचानक आग लग गई और ट्रक धू-धूकर जलने लगा।इस घटना में चालक अशोक कुमार व गोविंद कुमार बुरी तरह झुलस गए।राहगीर काफी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे दोनों चालक व उपचालक को बाहर निकालने के बाद इलाज के लिए परसा सीएचसी लाए जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।इधर ट्रक में भीषण आग लगन ही घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीर इधर-उधर भागने लगे।लोगों ने अगलगी की सूचना भेल्दी पुलिस को दी।भेल्दी थानाध्यक्ष राकेश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए। बहरहाल, पांच माह के अंदर छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर ट्रक में अगलगी की यह दूसरी घटना है।पांच माह पूर्व एनएच पर सरायबक्स के समीप ट्रक धू-धूकर जल गई थी।

# मछली पकड़ने गये युवक की नहर में डूबने से मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चालीस आरडी नहर में मछली पकड़ने गये युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक चांद कुदरिया गांव निवासी भुलाई महंतों का 30 वर्षीय पुत्र कृष्णा महंतों हैं। घटना के बारे में बताया गया कि मछली पकड़ने के लिए नहर में पानी में उतरा और गहरे पानी में डूब गया,जब तक आस पास के लोग पहुंचते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव को बाहर निकाल। परिजनों ने बताया कि वह एक छोटे लड़के के साथ मछली पकड़ने नहर पर गया था। छोटे लड़के ने बताया कि जब वह पानी में उतरा और कुछ देर तक बाहर नहीं लौटा तों वह चिल्लाया तों लोग पहुंचे। पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। मृतक शादी शुदा हैं और एक लड़की हैं। मौत की खबर लगते ही परिजनों में मातम छा गया।

# फार्मर रजिस्ट्री को लेकर सोनपुर बीडीओ ने सीएससी सेंटर का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** फार्मर रजिस्ट्री कार्य प्रणाली के प्रगति को लेकर सोनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ओरामा मोदी ने चतुरपुर स्थित रवि रंजन सिंह के सीएससी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएससी संचालक रवि रंजन सिंह से फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की जानकारी ली।बीडीओ ने मौके पर मौजूद कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का पंजीकरण कार्य पूरी पारदर्शिता और निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने दस्तावेजों की जांच, ऑनलाइन प्रविष्टियों की गुणवत्ता तथा किसानों को दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि फार्मर रजिस्ट्री में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पात्र किसानों का नाम समय पर दर्ज होना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। वही सीएससी संचालक रवि रंजन सिंह ने उपस्थित पदाधिकारी को धरातल बस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि अधिकांश भु स्वामी की जमीन उनके पैतृक बाप,दादा के हैं.जिसके कारण से जमाबंदी में नाम नहीं रहने के कारण क्षेत्र के हजारों किसान फार्मर रजिस्ट्री करने से वंचित हो रहे हैं.जिनके नाम से डिजिटल जमाबंदी चल रही है उनके फार्मर रजिस्ट्री कराया जा रहा है। वैसे भु स्वामी जिनके जमावन्दी में खेसरा या रकवा अंकित नहीं है वे लोग भी वंचित हों रहे है। मौके पर उपस्थित रहे स्वच्छता प्रभारी खुर्शीद आलम,आवास प्रवेक्षक राकेश कुमार,कृषि सलाहकार विकास कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बेरूई स्थित गौरीशंकर मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां तेज

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** प्रखंड के बेरूई स्थित गौरीशंकर मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। शिव भक्त सेवा दल द्वारा आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि महोत्सव के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में बेरूई गौरीशंकर मंदिर परिसर का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास द्वार, श्रद्धालुओं की आवाजाही तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से शिव भक्त सेवा दल के सदस्यों को निर्देश दिया गया कि मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भीड़ पर निगरानी रखी जा सके और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव हो सके। अधिकारियों ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, इसलिए सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम पहले से ही दुरुस्त कर लिए जाएं।इस मौके पर बनियापुर के अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष स्वयं उपस्थित रहे और आयोजन समिति के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि महाशिवरात्रि के दौरान मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा श्रद्धालुओं को शांतिपूर्ण वातावरण में पूजा-अर्चना कराने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे ।

# तेज रफ्तार का कहर, तीन युवकों की मौत

**सुपौल, एजेंसी।** बिहार में सुपौल जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेमनुआ पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को दो बाइक में हुई भीषण टक्कर में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक तेज गति में थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में राजपुर वार्ड एक निवासी रामचंद्र मंडल के 22 वर्षीय पुत्र बिक्की कुमार तथा बैद्यनाथ साह के 23 वर्षीय पुत्र ब्रजेश कुमार शामिल है। तीसरे मृत युवक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। घायलों में राजपुर वार्ड 01 निवासी शिवचंद्र मंडल के 24 वर्षीय पुत्र मणिभूषण मंडल शामिल हैं। एक अन्य घायल युवक की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। दोनों की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही किशनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है। हादसे के बाद मृतकों के गांव में मातम पसरा है।

# राजकीय पोलिटेकनिक मढ़ौरा में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** राजकीय पोलिटेकनिक मढ़ौरा में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। सासमोस एचीटी प्राइवेट लिमिटेड, टोयोडा गोसी एण्ड ऑटोलिव कम्पनी आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट में 155 छात्र भाग लिए। सत्र की शुरूआत कम्पनी के विजनेस पार्टनर विरेश कुमार एवं चेतन कुमार ने बच्चों को प्लेसमेंट से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान जॉब प्रोफाइल, करियर ग्रोथ के बारे में छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। साक्षात्कार प्रक्रिया में ऑटोमोबाईल, इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रोनिक्स, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, सीवील इंजीनियरिंग एवं यांत्रिकी अभियंत्रण के 155 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिंह ने सभी चयनित छात्र-छात्रओं के उज्जवल भविष्य की सदुभकामनाएं दी। कैम्पस ड्राईव में ट्रेनिंग प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. रमा सिंह ने कहा कि आगे भी प्लेसमेंट जारी रहेगा। इस कॉलेज के पब्लिक रिलेशन अधिकारी प्रो. शुसांत कुमार, प्रो. विजया लक्ष्मी कुमारी, प्रो. स्नेहलता, डा. सन्नी कुमार, प्रो. प्रिंस कुमार, प्रो. हिमांशु राज, प्रो. कौशर इमाम, प्रो. संजीत कुमार, प्रो. अनोज कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# छठिहार में मैके आ रही वृद्ध महिला का रास्ते में हार्ट अटैक से हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** छठिहार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शुक्रवार को मैके आ रही एक वृद्ध महिला की हार्ट अटैक होने से रास्ते मे गिरकर मौत हो गई।मृतका तारामणि देवी(70) दरियापुर थाने के सराय साहो गांव के राजेश्वर ठाकुर की पत्नी बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार दरियापुर थाने के सराय साहो गांव की तारामणि देवी अपने पुत्र प्रदीप शर्मा के साथ शुक्रवार की शाम भेल्दी थाने के मलाही गांव के अपने भाई सोहन शर्मा के घर छठिहार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रही थी।मदारपुर लहर छपरा टेम्पो से अपने बेटे के साथ उतरी और पैदल आ रही थी जैसे ही रायपुरा-रसूलपुर सड़क पर मलाही पुल के समीप पहुंची कि सड़क पर गिर पड़ी और हार्ट अटैक होने से उसकी मौत मौके पर ही हो गई।महिला की मौत सड़क पर होते ही काफी संख्या में लोग जुट गए और उनकी पहचान मलाही गांव के प्रदीप शर्मा के बहन के रूप मे हुई।इस घटना के मलाही गांव में रून्दन-क्रन्दन मच गया।साहू सराय गांव के लोग आए मृत महिला के शव को लेकर गांव चले गए।मां की मौत के बाद पुत्र प्रदीप शर्मा, अशोक शर्मा व गुड्डू शर्मा का रो-रोकर बुरा हाल था।महिला की मौत के बाद उसके मौके में छठिहार कार्यक्रम कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

# महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न




**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण )।** इसुआपुर थाना में महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता एसआई संपूर्णानंद ने की. बैठक में निर्णय लिया गया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. साथ ही सामान्य लाउडस्पीकर से भी जाति सूचक या अश्लील गाने नहीं बजाये जाएंगे . प्रखंड में पांच पूजा स्थलों को अति संवेदनशील तथा संवेदनशील की सूची में डाला गया है. संढ़वारा तथा केरवा को अति संवेदनशील के सूची में रखा गया है वही बंगरा, साहवा, तथा डोईला को संवेदनशील की सूची में रखा गया है. बैठक में एएसआई सुधीर कुमार,एम के गिरि, जिला पार्षद छविनाथ सिंह, पूर्व मुखिया राज किशोर सिंह, विजय सिंह सरपंच ,शारदानंद सोनी, अमरनाथ प्रसाद, श्याम जी प्रसाद ,राजेश प्रसाद कुशवाहा सरपंच ,बद्रीनारायण सिंह, देवेंद्र सिंह ,रामबाबू राय ,गुड्डू सिंह कुशवाहा ,नवल किशोर ओझा सहित दर्जनों गण्यमान्य लोग उपस्थित थे.

# फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर आयोजित का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जिलाधिकारी सारण वैभव श्रीवास्तव ने सोनपुर पहुँच कर सोनपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर तथा शिकारपुर पंचायत सहित विभिन्न पंचायतों में किसानों के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री निर्माण हेतु आयोजित शिविर में चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों से अब तक हुए रजिस्ट्रेशन की विस्तृत जानकारी गुरुवार को ली और स्पष्ट निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों का फॉर्मर आईडी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाए.उन्होंने कहा कि फॉर्मर आईडी सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ किसानों तक सीधे पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा,इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.मौके पर उपस्थित एसडीओ सगिंधा नेहा,उप समाहर्ता, भूमि सुधार सोनपुर राधेश्याम कुमार मिश्रा, बीडीओ ,अंचलाधिकारी राजकमल , बिपीआरओ राजेश कुमार, स्वच्छ्ता प्रवेक्षक खुर्शीद आलम सहित अन्य अधिकारी एवं शिविर में प्रतिनियुक्त सभी संबंधित सर्वे टीम एवं कृषि विभाग के कर्मियों को जमाबंदी रैयतों की अद्यतन सूची के सहयोग से फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी निर्माण में और अधिक तेजी लाने का निदेश दिया। वार्ड सदस्यों तथा मुखिय के सहयोग से अधिक से अधिक किसानों से संपर्क स्थापित करने को कहा । उन्होंने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि संबंधित किसानों से कागजात लेकर दाखिल खारिज कराते हुए जमाबंदी कायम करने की भी कार्रवाई करने को कहा ताकि फॉर्मर रजिस्ट्री में वृद्धि लाई जा सके। फार्मर आईडी बनाने में हो रही कठिनाइयों को भी कृषि सलाहकार एवं सर्वे कर्मी ,डाटा अपरेटर सहित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि अधिकांश भू स्वामी के जमीन उनके पैतिक के नाम से जमाबंदी चल रही है.ऐसे में भू स्वामी के जमाबंदी में नाम नहीं रहने के कारण फार्मर आईडी बनाने में काफी परेशानी हो रही है। अगर वंशावली या अन्य कोई सहूलियत कागजात के आधार पर अगर जमाबंदी में नाम अंकित होती है तो शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने में आसान हो जाएगी और सरकार से मिलने वाली लाभ किसानो को प्राप्त होगा अन्यथा सरकार से मिलने वाली लाभ से लाखों किसान वंचित हों जायेगे।

# ट्रक में बने तहखाना से 4 लाख 70 मूल्य के 518 लीटर विदेशी शराब जब्त

**सहरसा, एजेंसी।** बिहार में सहरसा जिले के बिहरा थाना क्षेत्र से गुरुवार को पुलिस ने झारखंड से लाए जा रहे एक ट्रक शराब को गुप्त सूचना पर बरामद किया। इस दौरान ट्रक चालक और शराब कारोबारी गिरफ्तार कर लिया गया। ड्राइवर के मोबाइल से शराब के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक की तलाश की जा रही थी। साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड से अंग्रेजी शराब लेकर सिहौल गांव की ओर से एक लाल रंग का ट्रक सुपौल जा रहा है। सूचना के बाद बिहरा थाना क्षेत्र के आजाद चौक पर ट्रक संख्या जेएच 10 डीसी 5776 को रोका गया। उनके चालक को गिरफ्तार किया गया। फिर ट्रक पर लदे सामान को उतरवा कर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान ट्रक में गुप्त केविन बनाए जाने की जानकारी हुई। जिसे हटाने पर उसके नीचे छिपा कर रखे गए कुल 518.400 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। जिसके बाद ट्रक चालक झारखंड राज्य के दुमका जिला अंतर्गत तेलझारी थाना क्षेत्र के केंदखपड़ा गांव निवासी मो समसुल अंसारी के 22 वर्षीय पुत्र और ट्रक चालक मो कलाम अंसारी की गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार चालक के मोबाइल को जब्त किया गया। जिसको लेकर बिहरा थाना कांड संख्या - 48/26 दर्ज की गई। बरामद विदेशी शराब की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 4 लाख 70 हजार रुपए आंकी गई। छापामारी टीम में बिहरा थाना अध्यक्ष शशि कुमार राणा, पुलिस अवर निरीक्षक कृष्ण कुमार, प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक ज्योति कुमारी के साथ जिला आसूचना इकाई के पुलिस पदाधिकारी, कर्मी और बिहरा सशक्त पुलिस बल शामिल थे।




# महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मशरक थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ सुमंत कुमार ने कहा कि महाशिवरात्रि आपसी भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। इसे सभी लोग मिलजुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल प्रशासन से संपर्क करने तथा अफवाहों से दूर रहने -की अपील की। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने कहा कि महाशिवरात्रि आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। सभी श्रद्धालु एवं आयोजक कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए पर्व मनाएं। उन्होंने बताया कि पूजा, जुलूस, भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। प्रशासन की ओर से पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही वोलेंटियर्स को भी सतर्क रहकर श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान साफ सफाई, रोशनी, यातायात नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।



# मढ़ौरा एसडीएम ने लिया संज्ञान, निर्माणाधीन स्टेशन रोड का विभागीय अधिकारियों ने की जांच

### सोलिंग कार्य की गुणवत्ता में सुधार के लिए जेई ने संवेदक को दिए जरूरी निर्देश

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से निर्माणाधीन स्टेशन रोड निर्माण कार्य का विभागीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया। मीडिया में खराब गुणवत्ता की खबर पर मढ़ौरा एसडीएम निधि राज द्वारा लिए गए संज्ञान के उपरांत शुक्रवार को विभागीय संबंधित उप परियोजना निदेशक कुमार अमन और जेई सुरेंद्र सिंह ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की और रोड किनारे हो रहे सोलिंग कार्य में बरती जा रही अनियमितता को शीघ्र दूर करने को कहा, साथ ही अन्य जरूरी सुधार के लिए मौके पर उपस्थित संवेदक प्रतिनिधि ब्रजेश कुमार को भी निर्देशित किया। विशेषकर समतलीकरण से लेकर प्रयोग की सामग्री जैसे- ईट, मिट्टी आदि में सुधार के लिए कहा गया। विभागीय जेई ने संवेदक को सोलिंग के पूर्व समतलीकरण और बाद में रेत वाली सफेद बालू डालकर अच्छी तरह से निर्माण कार्य पूरा कराने को कहा। वहीं रोड पर इधर उधर बिखरे ईंट और पत्थर आदि के टुकड़े भी शीघ्र हटाने के निर्देश दिए।



**गड़बड़ी की शिकायत पर संज्ञान, खराब सोलिंग हटाकर दुबारा से हुआ कार्य**

स्थानीय लोगों द्वारा निर्माणाधीन स्टेशन रोड निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत पर मीडिया में प्रकाशित खबर को लेकर मढ़ौरा एसडीएम निधि राज ने संज्ञान लिया। जिसके उपरांत शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के कार्य स्थल पर जांच में पहुंचने के पूर्व ही संवेदक प्रतिनिधि ब्रजेश कुमार कार्य में जरूरी सुधार के लिए प्रयासरत दिखे और पूर्व में मजदूरों द्वारा बरती गई अनियमितता को दूर कराने के लिए फिर से सड़क निर्माण में खराबी वाले स्थानों पर पुराना सोलिंग हटाकर फिर नया सिरे से मिट्टी का समतलीकरण कर सोलिंग कार्य दुरुस्त कराया। जबकि दोपहर बाद विभागीय अधिकारियों संबंधित उप परियोजना निदेशक कुमार अमन और जेई सुरेंद्र सिंह ने कार्य स्थल पर पहुंच निर्माण कार्य की जांच पड़ताल की और कार्य की गुणवत्ता में दिखी कमियों को लेकर कर्मियों को जरूरी सुधार और अनियमितता दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए। अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित संवेदक से कहा कि हर काम तय मानक में गुणवत्ता पूर्ण होनी चाहिए।



#### स्टेशन रोड किनारे अब सोलिंग निर्माण में भी गड़बड़ी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** निर्माणाधीन स्टेशन रोड निर्माण में परत दर परत गड़बड़ी की शिकायतें आ रही है। गुरूवार को रोड निर्माण कार्य में गड़बड़ी को लेकर स्थानीय लोगों ने सुधार नहीं होने तक काम करने से मना कर दिया। हालांकि मजदूरों ने शिकायत वाली जगह से हटकर अन्य जगहों पर काम को जारी रखा। लोगों की शिकायत है कि रोड किनारे समतलीकरण से लेकर सामग्री तक में गुणवता नहीं है। घटिया मिट्टी और ईट का प्रयोग किया जा रहा, वही कही कही बिना मिट्टी का ही नीचे तल पर भी सोलिंग कार्य किया जा रहा है। लोगों ने कहा कि हर जगह सफेद बालू डालकर सोलिंग किया जाता है। जबकि यहां पर कचरा सना मिट्टी डाला जा रहा है और समतलीकरण के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। पूर्व में भी पीसीसी ढलाई में अनियमितता की शिकायतें रही है। निर्माण कार्य में जीएसबी, बेस पीसीसी से लेकर फाइनली पीसीसी में लोगों ने खराब काम की शिकायतें दर्ज कराई। यहां तक कि ढलाई के बाद रोड में दरार पड़ जाने पर लोगों ने सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया। फिलहाल सोलिंग निर्माण में अनियमितता को लेकर मढ़ौरा एसडीओ निधि राज से पूछे जाने पर कहा कि मुझे रोड निर्माण कार्य फिलहाल बंद की जानकारी थी, संवेदक द्वारा कार्य जारी रखने की बात अब संज्ञान में आया तो देखा जाएगा। मालूम हो कि मुख्यमंत्री नगर विकास योजना से सड़क का निर्माण बुडको द्वारा किया जा रहा है। जिसका टेंडर लगभग एक करोड़ 43 लाख रुपए का है। जिसमे आठ सौ मीटर रोड का 5 मीटर चौड़ाई में पीसीसी और दोनों तरह 1- 1 मीटर सोलिंग निर्माण का कार्य हैं।

## वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति




**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** शुक्रवार को विद्या विकास शिशु विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह कटहरी बाग रोड, छपरा स्थित विद्यालय प्रांगण में में संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निदेशक प्रो.अरुण कुमार ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जयप्रकाश विद्यालय के पूर्व परीक्षा नियंत्रक प्रो.डा लालबाबू यादव ने किया। उद्घाटन भाषण में प्रो. लालबाबू यादव ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा का महत्व पहले भी था आज भी है और कल भी रहेगा। शिक्षा ग्रहण करने के लिए भगवान श्री राम विश्वामित्र तथा भगवान श्री कृष्ण महर्षि संदीपनी आश्रम में गए थे।स्वागत गीत विद्यालय कि छात्राओं कृतिका श्रुति, स्वीटी, राजलक्ष्मी, प्रज्ञा, साक्षी तथा दीपावली ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। आई लव माई इंडिया गीत ने उपस्थित लोगों में देशभक्ति का जज्बा भरा। लटपट- लटपट कमर दामिनी प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों को झुमने पर मजबूर कर दिया। नाटक नई पीढ़ी पुरानी पीढ़ी के माध्यम से वर्तमान और पूर्व के समय का मूल्यांकन बहुत मजेदार रहा। राधा गोरी गोरी, पार्वती बोली शंकर से,सरस्वती वंदना, शिक्षा का प्रहार (नाटक), सिलसिला नृत्य को लोगो ने खूब सराहा ! परी, खुशी रितिका अनामिका तथा तान्या कि प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया ! कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।शिव जन्म राय महाविद्याल के शिक्षक रंजीत कुमार डा धनंजय कुमार, राकेश कुमार पप्पू कुमार राय उपस्थित थे।धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अत्रिनंदन आत्रेय ने किया मंच संचालन प्रो. शकील अनवर तथा अमरनाथ ने किया।

## चरिहारा हंसापीर बांध सड़क जर्जर , ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, सड़क निर्माण की मांग



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बंगरा पंचायत अंतर्गत हंसापीर गांव में चरिहारा गांव होते हुए जानें वाली बाध सड़क जर्जर हालत में हैं। जिससे ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और ग्रामीणो ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया। गांव से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर एनएच 227 ए राम जानकी पथ गुजरता है, लेकिन मुख्य सड़क से गांव तक पहुंचने वाली बांध की सड़क कच्ची व जर्जर वर्षों से मरम्मत की बाट जोह रही है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि बरसात के मौसम में यह कीचड़ और पानी से भर जाती है, जिससे आवागमन लगभग ठप हो जाता है। वही सड़क में दर्जनों जगहों पर बड़े बड़े गढ्ढे बन गए है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए विरोध जताया। ग्रामीणों ने डीएम से गांव का दौरा कर वस्तुस्थिति का जायजा लेने और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने की अपील की है।

## महाशिवरात्रि का पर्व आत्मा और परमात्मा का मिलन का पर्व- ब्रह्माकुमारी रीमा बहन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तहत परमानंदपुरा पाठशाला परिसर में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष में शोभा यात्रा के समापन के उपरांत ब्रह्माकुमारी पाठशाला की संचालिका रीमा बहन ने कहा कि महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष में निकाली गई शोभायात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस शोभा यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने तन,मन, धन से सहयोग कर शोभायात्रा में शामिल रहे. उन्होंने बताया कि इस संस्था का उद्देश्य है कि इस कलयुग में मानव के सच्ची मन को शांति प्रदान करना और मनुष्य से परमात्मा को जोड़ना और उसे ईश्वर रूपी मानव बनाने का प्रेरणा देना. ईश्वर की दिशा निर्देश के अनुसार उनके द्वारा चलाए गए शिवरात्रि में शोभायात्रा से हर एक मानव मन को विकारों को दूर करता है. भारत की आध्यात्मिक परंपरा में अनेक पर्व है परंतु महाशिवरात्रि का स्थान सबसे ऊंचा है. जब आत्मा परमात्मा को भूल जाती है या उससे दूर हो जाती है. मानव विकारो के अधीन होकर दुःख, चिंताएं, तनाव और मन विचलित होने लगता है तब परमपिता परमात्मा इस धरा पर आकर मानव मन को शांति शक्ति और सुख प्रदान करते हैं. जब हम परमात्मा के साथ अपना संबंध जोड़ेंगे तभी हम आने वाले दुखों से मुक्त हो सकते हैं. मानव जीवन के लिए वरदान सिद्ध होता है शोभा यात्रा.क्योंकि समाज व परिवार में शांति, प्रेम सद्भावना,समृद्धि एवं खुशहाली के वातावरण का निर्माण होता है.महाशिवरात्रि का पर्व आत्मा और परमात्मा का मिलन का पर्व है। इस मौके पर काफी संख्या में ब्रह्म कुमारी से जुड़े सैकड़ो भाई एवं बहन मौजूद रहे।

## हथियार के बल पर अपराधियों ने रात में महिलाओं को घर में बंधक बना किया लूटपाट

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के सेमराहा गांव में गुरुवार की रात बेखौफ अपराधियों ने रामजनम राय के घर में घुसकर महिलाओं को हथियार के बल पर बंधक बना लिया एवं लगभग सात आठ लाख के आभूषण सहित अन्य कीमती सामान लूट लिए. घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार को गांव के अधिकांश पुरुष सदस्य गांव से निकली एक बारात में शामिल होने गए थे. इसी का फायदा उठाकर अपराधी गुरुवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे सीढ़ी के सहारे रामजनम राय के घर में घुस गए एवं हथियार के बल पर घर के सदस्यों को बंधक बना लिया. अपराधियों ने उनके मोबाइल छीन लिए एवं एक कमरे में बंद कर दिया. बेखौफ अपराधियों ने आराम से घर के बक्से, अलमीरा तोड़कर आभूषण एवं कीमती सामान लूटकर फरार हो गए. घटना के काफी देर बाद घर के सदस्यों ने शोर मचाया जिसके बाद आसपास के ग्रामीण पहुँचे. लूट की खबर मिलते ही पुरे गांव में हड़कंप मच गया. घटना की जानकारी होते ही एसडीपीओ मशरक संजय कुमार सुधांशु एवं थानाध्यक्ष राजा राम दलबल के साथ मौके पर पहुँचे एवं मामले की छानबीन की. मामले की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार को मशरक इंस्पेक्टर एवं डॉग स्क्वाएड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची एवं मामले की छानबीन की. थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले का जल्द उद्भेदन कर लिया जायेगा.

## बहार में मौसम का दोहरा मिजाज :सुबह-शाम ठंड, दिन में धूप रहेगी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में सुबह और देर शाम कोहरा छाया रह सकता है। वहीं, दिन में तेज धूप निकलेगी। मौसम विभाग की मानें तो तापमान में ज्यादा उतार-चढ़ाव होने की संभावना नहीं है। फिलहाल राज्य में न्यूनतम तापमान करीब 8 से 16 डिग्री और अधिकतम तापमान लगभग 28 से 32 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार इन दिनों मौसम 'दोहरे मिजाज' वाला है, यानी सुबह-शाम हल्की ठंड और दिन में तेज धूप देखने को मिल रही है। बीते 24 घंटे में प्रदेश का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास रहा है। वहीं, एक-दो जिलों में सुबह-शाम कोहरा छाया रहा। हालांकि पटना में मौसम साफ रहा। दिन में धूप निकली फिर शाम हल्की ठंडी रही।सुबह कोहरा रहने का कारण : मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में यह स्थिति पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाओं और साफ आसमान की वजह से बनती है। रात में तापमान गिरता है और नमी के कारण सुबह कोहरा बनता है। कई जगहों पर ठंडी हवाएं और पहले हुई हल्की बारिश भी तापमान को संतुलित बनाए रखती है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर बिहार में सुबह के समय कोहरा ज्यादा रहता है और दिन में धूप निकलने से तापमान धीरे-धीरे बढ़ जाता है। कब तक रहेगा ऐसा मौसम मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक तापमान में बहुत बड़ा बदलाव नहीं होगा। धीरे-धीरे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन सुबह में कोहरा फिलहाल बना रह सकता है।

## मांझी थाना परिसर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठकआयोजित की गई

**बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विनोद कुमार और सीओ सौरभ अभिषेक ने की।**

**मांझी।** सीओ सौरभ अभिषेक ने स्पष्ट किया कि शिव बारात निकालने वाली सभी समितियों को थाने में आवेदन देकर अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि जुलूस के दौरान डीजे, अश्लील गीतों और भड़काऊ नारों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में रूट चार्ट, समय-सारिणी, भीड़ नियंत्रण, साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था को लेकर संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी और मोबाइल पेट्रोलिंग का भी सहारा लिया जाएगा। उन्होंने लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।बैठक के अंत में जनप्रतिनिधियों और शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उमाशंकर ओझा, अख्तर अली, संजीत साह, भोली खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## फोन गुम होने के बाद खाते से निकले पैसे, साइबर फ्रॉड की आशंका

**नगरा।** थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन गुम होने के बाद खाते से पैसे निकासी का मामला सामने आया है,जिससे साइबर फ्रॉड की आशंका जताई जा रही है.थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासी रीना देवी ने नगरा थाना एवं ऑनलाइन साइबर कंप्लेंट दर्ज कराई है.पीड़िता ने बताया कि वह अपने घर से स्कूटी से बाजार जा रही थी,इसी दौरान रास्ते में कहीं मोबाइल फोन गिर गया, जिसका उन्हें पता नहीं चला.काफी खोजबीन करने के बाद भी फोन नहीं मिला. पीड़िता ने बताया कि रात हो जाने के कारण उस समय शिकायत दर्ज नहीं करा सकीं. अगले दिन सुबह नया सिम निकालने के बाद जब वह बैंक पहुंची तो पता चला कि उनके फोन-पे खाते से करीब 7500 रुपये की निकासी हो चुकी है.इसके बाद पीड़िता ने नगरा थाना में लिखित आवेदन देकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है.मामले को लेकर साइबर फ्रॉड की आशंका जताई जा रही है.पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और लोगों से अपील की जा रही है कि मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तुरंत सिम ब्लॉक कराएं और बैंक व साइबर हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराएं.वहीं इस मामले में नगरा थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है.

## सोलर मेला का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

**इच्छुक आवेदक को सरकार द्वारा 78 हजार रुपये तक की दी जा रही है सब्सिडी**

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में विद्युत आपूर्ति अंचल छपरा द्वारा ÷पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना÷ के तहत घरों पर सोलर रूफटॉप लगवाने के लिये शुक्रवार को भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह, छपरा में एक दिवसीय सोलर मेला का आयोजन किया गया। इस सोलर मेला में इच्छुक आवेदक, सोलर रूफटॉप लगाने वाली विभिन्न एजेंसियां एवं योजना के तहत वित्त पोषण करने वाले बैंकर्स का एक साथ समागम हुआ। इस योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप लगाने के लिये सब्सिडी दी जाती जाती है। 1 किलोवाट क्षमता के सोलर रूफटॉप के लिये 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट क्षमता के सोलर रूफटॉप के लिये 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट क्षमता के सोलर रूफटॉप के लिये 78 हजार रुपये सब्सिडी बिहार सरकार द्वारा लाभुकों को दी जा रही है। सारण जिलान्तर्गत लगभग 2700 आवेदकों द्वारा इस योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया गया है। सोलर मेले का उद्घाटन जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस योजना के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ बिजली बिल कटौती/शून्य कर काफी बचत कर सकते हैं। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से इस योजना का लाभ लेने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिये प्रेरित करने का अनुरोध किया। उन्होंने इस योजना का लाभ लेकर अपना बिजली बिल शून्य करने वाले कुछ उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अपनी शुभकामनाएं दीं।उन्होंने सभी बैंकर्स को इस योजना के तहत लाभार्थियों को उदारतापूर्वक ऋण देने का आह्वान किया। इस अवसर उन्होंने विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधिगण को प्रतीक चिह्न भी भेंट किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभिन्न वेंडर्स एवं बैंकों द्वारा लगाये गए स्टॉल का भी अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न वेंडर्स से उनके प्रोडक्ट एवं तकनीक के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ऊर्जा विभाग के पदाधिकारियों को सभी मुखिया जी एवं अन्य पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों के साथ प्रेक्षा गृह में बैठक कर अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने हेतु सार्थक पहल करने को कहा गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता, आर ई सी के ऑफिसर इन चार्ज, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति पूर्वी / पश्चिमी , जिला अग्रणी प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधिगण, सोलर पैनल सिस्टम का व्यवसाय करने वाले वेंडर्स तथा आवेदक एवं लाभार्थी गण उपस्थित थे।

## सात निश्चय-3 के तहत जनता दरबार का आयोजन

**अंचल कार्यालय में सीओ ने सुनी लोगों की समस्याएं**



**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित बीडीओ एवं अंचल कार्यालय में शुक्रवार को सात निश्चय-3 योजना के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया.जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे.अंचल कार्यालय में जनता दरबार के दौरान सीओ अभिषेक कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों के निष्पादन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए.इस दौरान दोनों कार्यालय में मिलकर राशन कार्ड ,जन्म प्रमाण पत्र ,भूमि संबंधित मामलों, दाखिल-खारिज, अतिक्रमण सहित विभिन्न प्रशासनिक समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे.अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा. वहीं कई मामलों में मौके पर ही समाधान का प्रयास किया गया, जबकि अन्य मामलों को संबंधित विभाग को भेजने की बात कही गई.

## फुलवारी शरीफ में कोचिंग छात्रा की संदिग्ध मौत पर प्रदर्शन

**फुलवारीशरीफ,एजेंसी।** पटना के फुलवारीशरीफ में कोचिंग छात्रा पिंकी कुमारी की संदिग्ध मौत का मामला गरमा गया है। घटना के विरोध में शुक्रवार को परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया गया।शुक्रवार को हुए इस प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने किया, जिसमें ग्रामीण भी शामिल थे। उन्होंने मार्ग को पूरी तरह बंद कर प्रदर्शन शुरू किया। उन्होंने छात्रा की मौत को हत्या बताते हुए अपराधियों की फौरन गिरफ्तारी की मांग की है। पटना-औरंगाबाद मार्ग को किया बंद : प्रदर्शनकारियों ने एम्स गोलंबर के नजदीक पटना-औरंगाबाद मार्ग को बंद कर दिया था। वे लगातार अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। उन्होंने इस घटना की न्यायिक जांच की भी मांग की। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी और फुलवारी शरीफ थाना पदाधिकारी मौके पर पहुंचे।




## सिवान के टॉप भू-माफियों की सूची में शामिल है गिरफ्तार जीवन यादव, कई मामले हैं दर्ज

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिला के टाप भू-माफियों की सूची में शामिल जीवन यादव को पुलिस ने उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार जीवन यादव पर करीब दस मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि मेरे निर्देश पर जिलान्तर्गत अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शराब/भू-माफिया एवं अपराध के मुख्य शीर्षों में वांछित / फिरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर एसआइटी टीम एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर वन अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा संयुक्त छापेमारी करते हुए जिला के टाप भू-माफियों की सूची में शामिल मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कंधवारा निवासी जीवन यादव को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार अभियुक्त मैरवा थाना कांड संख्या-364/25 में वांछित हैं। एसपी ने बताया कि पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी है। गिरफ्तार का अबतक का ज्ञात आपराधिक इतिहास में मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-112/15, मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-117/15, नगर थाना कांड संख्या-304/17, मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-55/23, नगर थाना कांड संख्या-539/22, मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-38/25, मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-42/25, मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-43/25, मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-55/25 शामिल



## बाइक सवार बदमाशों ने एक हिंदी दैनिक अखबार के प्रखंड रिपोर्टर को मारी गोली, रेफर

### पत्रकार रमेश गोलीकांड में पुलिस ने तीन को लिया हिरासत में, पूछताछ जारी

**परवेज अख्तर/सिवान।** पचरुखी थाना क्षेत्र के भवानी मोड़ समीप बंद पड़ी चीनी मिल के पास गुरुवार देर रात एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने जसौली खरग निवासी सह पत्रकार रमेश कुमार सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने इलाज कर घायल की स्थिति गंभीर को देखकर पटना रेफर कर दिया। वहीं सूचना पर पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने सदर अस्पताल पहुंचकर घायल पत्रकार से पूछताछ कर संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुरुवार की देर रात पचरुखी थाना को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत चीनी मील के समीप कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा रमेश कुमार सिंह को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पचरुखी थाना पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत थाना पुलिस टीम द्वारा जख्मी को बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल भेजा गया।सूचना प्राप्त होने पर मेरे व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-वन अजय कुमार सिंह एवं एफएसएल की टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।घायल रमेश कुमार सिंह ने बताया कि शहर में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। वहां से वे कुछ लोगों के साथ कार से भवानी मोड़ स्थित अपनी दुकान पहुंचे, जहां उनकी बाइक खड़ी थी। दुकान से बाइक लेकर वे अपने घर जसौली खरग के लिए निकले। तभी बंद पड़ी चीनी मिल के पास पहुंचते ही पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक किया और गोली चला दी। घायल रमेश ने बताया कि गोली लगने के बाद वह वही पर गिर गए। जिसके बाद बाइक सवार दोनों बदमाश आराम से फरार हो गए। इस दौरान वह बदमाशों को पहचान नहीं सके।

## सिवान - शराब के साथ दो महिला सहित चार तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** टास्क टीम आरपीएफ, जीआरपी व ट्रेन एस्कार्ट कंपनी गोरखपुर पूर्व द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए शराब के साथ दो महिला सहित चार तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के पक्का निवासी गोविंद चौहान, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खुर्माबाद निवासी दीपक कुमार, पचरूखी थाना क्षेत्र के पचरूखी भवानी मोड़ निवासी दुलारी देवी व महादेवा थाना क्षेत्र के महादेवा निवासी अनीता देवी है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि शुक्रवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशानुसार टीम ने संयुक्त निगरानी के दौरान जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर गाड़ी संख्या-15028 गोरखपुर -सम्बलपुर मौर्या एक्सप्रेस के कोच बी तीन से दो महिला व दो पुरुष को गिरफ्तार किया गया। चारों शराब तस्करों को अपने-अपने शरीर में छिपाकर ले जाते हुए 237 बोतल शराब को बरामद किया गया। जिसकी कीमत 22 हजार 590 रुपए है। जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु राजकीय रेल पुलिस को सुपुर्द किया गया। छापेमारी टीम में उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, सउनि शैलेंद्र कुमार पांडेय, कांस्टेबल विजय यादव, अमरेंद्र सिंह, नीरज पांडेय, राम कुमार यादव, महिला कांस्टेबल तिलोत्मा कुमारी व मनी कुमारी शामिल रहे।

## तीन को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी

**पचरुखी ।** पचरुखी में रमेश कुमार सिंह को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जिसमें एक मुख्य आरोपी है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि घटना में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का उद्भेदन कर दिया जाएगा। अभी प्राथमिकी नहीं हुई है।

## खगड़िया में ट्रेन से गिरकर युवती की मौत :कामाख्या साप्ताहिक स्पेशल से उतरते समय हुआ हादसा

**खगड़िया, एजेंसी।** खगड़िया जिले के पसराहा रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार की रात युवती की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। यह हादसा कामाख्या साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (15656) से उतरने के दौरान हुआ। मृतका की पहचान कबेला पंचायत अंतर्गत बलहा गांव निवासी जय जय राम चौधरी की पुत्री छोटी कुमारी के रूप में की गई है। कबेला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गौरव कुमार ने बताया कि छोटी कुमारी अपनी बहन को बरौनी रेलवे स्टेशन पर लखनऊ जाने वाली ट्रेन में छोड़ने गई थी। बहन को सुरक्षित ट्रेन में बिठाने के बाद वह वापस अपने घर लौटने के लिए कामाख्या साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में सवार हुई थी।संतुलन बिगड़ने पर ट्रेन से गिरी नीचे : वापसी के क्रम में जब ट्रेन पसराहा स्टेशन के समीप पहुंची और छोटी कुमारी उतरने लगी, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन से नीचे गिर पड़ी। गिरने से उसे गंभीर चोटें आईं, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।हादसे के बाद स्टेशन क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना रेल प्रशासन और पुलिस को दी।मामले की जांच में जुटी पुलिस : घटना की जानकारी मिलते ही बलहा गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में मातम छा गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। सूचना के बाद संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेजे जाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस एवं रेल प्रशासन द्वारा घटना के कारणों की गहन जांच की जा रही है।

## नालंदा जिले में छापेमारी अभियान में अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**बिहारशरीफ, एजेंसी।** होली पर्व के मद्देनज़र अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को मद्यनिषेध, नालंदा की टीम द्वारा राजगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत कलाली चौक के समीप दो अलग-अलग मकानों में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान दोनों मकानों में स्थित सभी कमरों की गहन तलाशी ली गई, जिसमें कुल पांच कमरों से अवैध शराब की बरामदगी हुई है। तलाशी के क्रम में विभिन्न ब्रांड की अवैध विदेशी शराब कुल 428 बोतल/नग (कुल 250.500 लीटर) बरामद की गई। बरामद अवैध शराब को गोदाम में कबाड़ के बीच छिपाकर रखा गया था। कार्रवाई के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में यह तथ्य सामने आया है कि आगामी होली पर्व के दौरान बिक्री के उद्देश्य से उक्त अवैध विदेशी शराब का संग्रहण किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। दोनों मकानों के संबंधित पाँचों कमरों को सीलबंद किए जाने की कार्रवाई की जा रही है तथा अधिहरण हेतु प्रस्ताव सक्षम प्राधिकार को भेजा जा रहा है। होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले में अवैध शराब के विरुद्ध विशेष सतर्कता बरती जा रही है और इस प्रकार की सघन कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी है।

# वित्तीय साक्षरता जागरूकता कैम्प का आयोजन




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** भारतीय रिज़र्व बैंक वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत शुक्रवार को बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय छपरा द्वारा वित्तीय साक्षरता जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। जागरुकता कैम्प का आयोजन मढ़ौरा शाखा क्षेत्र के सेमरहियां पंचायत सरकार भवन पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक मानस सिंहा , डीडीएम नावार्ड छपरा अंशु माला , एफएलसी छपरा अभिजीत कुमार, बीपीएम जीविका चंद्रमणि प्रकाश, शाखा शाखा प्रबंधक मढ़ौरा विनय कुमार, भार्गवी भूषण, निशांत कुमार सिंह, राजन कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि हरेश पासवान, जीविका दीदी, स्थानीय छात्र, प्रबुद्ध नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में? वित्तीय लेनदेन के दौरान साइबर फ्राड से बचाव एवं सुरक्षित लेनदेन के तरिकों की जानकारी दी गई। वही इस दौरान आमलोगों के हीत के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। योजना व स्कीम से जुड़ कर लाभ प्राप्त करने को लेकर प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित कलाकारों ने भी गीत संगीत और नुक्कड़ नाटक से उपस्थित लोगों को वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलु री केवाईसी, साइबर फ्राड से बचने का उपाय बताएं। इसमें सामाजिक सुरक्षा योजना, विभिन्न बैंकिग उत्पाद एवं उसके लाभ को विस्तार से बताया ।

